# मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल में प्रविष्ठी सम्बन्धी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1.कृपया इस बात की पुष्टि कर ले की आपके विकासखण्ड में उन सभी शालाओ की प्रविष्ठी हो गई है जहा मध्यान्ह भोजन योजना संचालित हो रही है। अर्थात प्रविष्ट शाला की संख्या और मध्यान्ह भोजन योजना संचालित शालाओ की संख्या में अंतर नहीं होनी चाहिए।

2.यदि DISE DATA के आधार पर आपके विकासखण्ड में शालाओ की संख्या मध्यान्ह भोजन योजना संचालित शालाओ से अधिक है तो उन शालाओ को जिलाशिक्षा अधिकारी के लॉग इन से deactivateनिष्क्रिय करले और यदि शालाओ की संख्या कम है तो उन शालाओ को add new school के विकल्प का उपयोग कर जोड़ ले जहा MDMसंचालित होता है किन्तु उनके नाम नहीं दिए है। किसी भी स्थिति में pendingशाला की संख्या शून्य चाहिए।

3.शालाओ में balance की प्रविष्ठी कर मासिक प्रविष्ठी का कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण करले।

4. सभी विकासखंड अपना email Id ध्यान से और सही सही भरे क्योकि कुछ समय पश्चात् सभी user id का PASSWORD उनके email Id में भेजा जाएगा .उस पासवर्ड के बगैर Userवेबपोर्टल में प्रवेश नहीं कर पायेगा । अपने email id को नियमित खोलते रहे क्योकि वेबपोर्टल समन्धि अब सभी महत्वपूर्ण निर्देश उनके email Idमें सीधे भेजा जाएगा।

5. भविष्य में मध्यान्ह भोजन योजना से सम्बंधित राशी भी इसी वेबपोर्टल के माध्यम से ही शालाओ को भेजा जाना है अतः संचालनकर्ता के बैंक खातो का नंबर ध्यान से भरे , जिससे राशी के transfer में किसी प्रकार का व्यवधान न हो।

6. जिन शालाओ का वार्षिक एवं मासिक प्रविष्ठी कार्य आगामी 5नवम्बर तक पूर्ण नहीं होगा ,उनका राज्य के software में प्रविष्ठी कार्य पुर्णतः रोक दिया जाएगा जिसकी जवाबदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की होगी .

7. जिन विकासखंडो में internet connectivity के कारण प्रविष्ठी नहीं हो पा रही है, उन विकासखंड के शिक्षा अधिकारी राज्य कार्यालय में एम् के नायक सहायक संचालक से संपर्क कर,राज्य कार्यालय में लगे इन्टरनेट सुविधा युक्त कंप्यूटर से प्रविष्ठी कार्य पूर्ण कर सकते है।

# मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल में प्रविष्ठी सम्बन्धी जिला शिक्षा अधिकारी हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. सभी जिला शिक्षा अधिकारी खाद्यान जारी करने के पूर्व अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित ले की उस विकासखंड में उतने ही शालाओ की प्रविष्ठी MHRD के वेब पोर्टल में की गई है जितने शालाओ के लिए खाद्यान आबंटन जारी किया जा रहा है।
2. शालाओ की मासिक प्रविष्ट के लिए यह आवश्यक है की जिला लॉग इन से सभी शालाओ के लिए 01-04-2012 की स्थिति में बैलेंस भरा हो .
3. इस माह मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल में वार्षिक एवं मासिक प्रविष्ठी के बगैर खाद्यांन जारी न करे।
4. सभी जिला शिक्षा अधिकारी अपने सभी विकासखंडो में प्रविष्ठी कार्य की प्रगति की सतत समीक्षा करे।आवश्यकता पड़ने पर विकासखंडो के प्रविष्ठीकार्य को जिला स्तर पर पूर्ण करावे।
5. DISE Data में गलत प्रविष्ठी के कारण कुछ शालाओ के विकासखंड का नाम गलत हो गया है जिसके कारण ऐसे शालाओ का नाम किसी अन्य विकासखंड में प्रदर्शित हो रहा है। इसी के कारण से कुछ विकासखंडो में शालाओ की संख्या अधिक तथा कुछ में शालाओ की संख्या हो गई है। इसे दूर करने के लिए जिला लॉग इन में मास्टर में जाकर DISE CODE से शाला को search कर ले उसके पश्चात उस शाला का विकासखंड एवं अन्य जानकारी को सुधार ले
6. यदि किसी विकास खंड में ऐसे शालाओ का नाम भी प्रदर्शित हो रहा है जहा मध्यान्ह भोजन योजना संचालित नहीं हो रहा है तो ऐसी शालाओ को जिला लॉग इन में मास्टर में जाकर Deactivate (निष्क्रिय) कर दे। इस कार्य के लिए विकासखंड कार्यालय के मध्यान्ह भोजन योजना के प्रभारी एवं आपरेटर को साथ में रखे।

महेश कुमार नायक
सहायक संचालक
मध्यान्ह भोजन योजना
लोक शिक्षण संचालनालय
रायपुर